भारत सरकार

गृह मंत्रालय

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 633**

दिनांक 29.04.2015/9 वैशाख, 1937 (शक) को उत्तर के लिए

**नक्सलवाद/वामपंथी अतिवाद से प्रभावित क्षेत्रों में तैनात अर्धसैनिक बल**

**633. श्री अविनाश पांडे :**

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्तमान में नक्सलवाद/वामपंथी अतिवाद (एलडब्ल्यूई) से प्रभावित क्षेत्रों में अर्धसैनिक तथा केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के कुल कितने कर्मी तैनात हैं; और

(ख) तत्संबंधी राज्य-वार तथा जिला-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री **(श्री हरिभाई परथीभाई चौधरी)**

**(क) : वर्तमान में, वामपंथी उग्रवाद प्रभावित (एल डब्ल्यू ई) 10 राज्यों, अर्थात आन्ध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में वामपंथी उग्रवाद-रोधी अभियान/आंतरिक सुरक्षा/विद्रोह-रोधी ड्यूटी के लिए केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) की कुल 691 कंपनियां तैनात हैं ।**

**(ख) : सीएपीएफ की संख्या का राज्यवार ब्यौरा नीचे दिया गया है :-**

| राज्य | सीएपीएफ की संख्या (कंपनियों में) |
|---|---|
| आन्ध्र प्रदेश | 16 |
| तेलंगाना | 12 |
| बिहार | 57 |
| छत्तीसगढ़ | 259 |
| झारखंड | 144 |
| मध्य प्रदेश | 08 |
| महाराष्ट्र | 34 |
| ओडिशा | 102 |
| उत्तर प्रदेश | 06 |
| पश्चिम बंगाल | 53 |
| कुल | 691 |

**सीएपीएफ की तैनाती एक गतिशील प्रक्रिया है और राज्य द्वारा बताई गई आवश्यकताओं के साथ-साथ वामपंथी उग्रवाद प्रभावित अन्य राज्यों की मांगों, बल की उपलब्धता और राज्य विशेष में सुरक्षा की स्थिति के आधार पर इसमें बदलाव होता रहता है ।**

---